# राजकीय महाविद्यालय

## सैक्टर – 9, गुरुग्राम (हरियाणा)

13 वां दीक्षांत समारोह

मुख्य अतिथि

प्रो. दिनेश कुमार

माननीय कुलपति

गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम

वार्षिक रिपोर्ट

2021–22

दिनांक : 21 फरवरी 2022

प्रस्तुतकर्ताः

डॉ. रणधीर सिंह

प्राचार्य

# वार्षिक रिपोर्ट 2021–22

सम्मानीय मुख्य अतिथि महोदय, आदरणीय अतिथिगण, प्रबुद्ध प्राध्यापकगण एवं प्रिय विद्यार्थियों! वर्ष 2003 में स्थापित इस महाविद्यालय ने अत्यलप अवधि में सभी क्षेत्रों में प्रशंसनीय प्रगति की है। यह एक सह शिक्षण संस्था है। वर्तमान शिक्षा सत्र में कुल 3542 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अपने गौरवशाली एवं महिमापूर्ण स्वरूप के अनुरूप वर्तमान सत्र में भी सुयोग्य एवं दक्ष प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महोदय, महाविद्यालय के परिचात्मक तथ्यों, गतिविधियों व उल्लेखनीय उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण आपके सामने प्रस्तुत कर रहा हूं।

**प्राध्यापक एवं अन्य सहयोगी वर्ग :**

प्राचार्य के अतिरिक्त महाविद्यालय में 34 नियमित प्राध्यापक 40 एक्टेंशन प्राध्यापक तथा 1 अतिथि प्राध्यापक का एक समर्पित एवं सुयोग्य दल है।

**कार्यालय एवं कर्मिक वर्ग :**

कार्यालय संचालन का कार्य उपअधीक्षक श्री मुकेश कुमार सुचारू रूप से चला रहे हैं।

**वित्तानुदेशक :**

वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ मुकेश शर्मा के सुयोग्य निर्देशन में महाविद्यालय के सभी वित्तीय कार्य सुचारू रूप से हो रहे हैं।

**पर्यावरण रक्षक अवार्ड 2022 :**

स्वच्छ भारत अभियान , नगर निगम गुरुग्राम एवं सच्चा साथी के नवीन फाउंडेशन , गुरुग्राम के तत्वाधान में सेक्टर– 34, डी. पी. जी. डिग्री कॉलेज के सभागार मे आयोजित पर्यावरण रक्षक अवार्ड 2022 के तहत स्वच्छ महाविद्यालय वर्ग में इस महाविद्याल को पर्यावरण रक्षक अवॉर्ड 2022 के लिए चुना गया।

**प्राध्यापक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां :**

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की सह प्रोफेसर डॉ गीतिका ने एनआईटीटीआर, चेन्नई द्वारा 20 सितम्बर 2021 से 24 सितम्बर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एफडीसी, एमडीयू रोहतक द्वारा 18 अक्तूबर 2021 से 23 अक्तूबर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने राजकीय 1 अक्तूबर 2021 को राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में 23 फरवरी 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में सैशन चेयर किया।

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की सह प्रोफेसर डॉ नीलम दहिया ने एनआईटीटीआर, चेन्नई द्वारा 20 सितम्बर 2021 से 24 सितम्बर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एफडीसी, एमडीयू रोहतक द्वारा 18 अक्तूबर 2021 से 23 अक्तूबर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने 1 अक्तूबर 2021 को राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में 23 फरवरी 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में सैशन चेयर किया।

अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ ललिता गौड को गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड में एनएसएस स्वयंसेवकों की परेड के लिए उत्तर क्षेत्रीय कंटीनजेंट इंचार्ज के तौर पर चयन किया गया। इस कार्य हेतु उन्हें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजबीर सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती वेणु ने एनआईटीटीआर, चेन्नई द्वारा 20 सितम्बर 2021 से 24 सितम्बर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एफडीसी, एमडीयू रोहतक द्वारा 18 अक्तूबर 2021 से 23 अक्तूबर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एचआरडीसी जीजेयू हिसार द्वारा 6 दिसम्बर 2021 से 18 दिसम्बर तक आयोजित दो सप्ताह का रिफ्रेसर कोर्स किया। उन्होंने 1 अक्तूबर 2021 को राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में 23 फरवरी 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती राखी सोनी ने एनआईटीटीआर, चेन्नई द्वारा 20 सितम्बर 2021 से 24 सितम्बर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एफडीसी, एमडीयू रोहतक द्वारा 18 अक्तूबर 2021 से 23 अक्तूबर 2021 तक आयोजित एक सप्ताह के एफडीपी कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एचआरडीसी जीजेयू हिसार द्वारा 6 दिसम्बर 2021 से 18 दिसम्बर तक आयोजित दो सप्ताह का रिफ्रेसर कोर्स किया। उन्होंने 1 अक्तूबर 2021 को राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में 23 फरवरी 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रोहित शर्मा को गुरुग्राम विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में अति विशिष्ट सेवाओं हेतु सम्मानित किया गया।

जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ सुरेंद्र कुमार ने डी ए वी महाविद्यालय, करनाल के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 24 मार्च 2022 को आयोजित राष्ट्रीय सैमीनार में मोहनदास कर्मचंद गांधी और

पत्रकारिता : रिचर्ड एटनबरो निर्देशित फिल्म 'गांधी' के संदर्भ में अध्ययन' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनकी पुस्तक 'ग्यारवीं क्लास की लड़की' का प्रकाशन संकल्प पब्लिकेशन द्वारा किया गया।

**<u>महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियां :</u>**

सत्र 2021–22 का आरम्भ स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के ओरिएंटेशन से आरम्भ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक विभागों, व्यक्तित्व विकास के अन्य प्रकोष्ठों और अन्य आवश्यक सूचनाओं के सम्प्रेषण के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

30 जुलाई 2021 को पर्यावरण संरक्षण का भाव जागृत करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 गुरुग्राम की एनएसएस इकाईयों और नेचर इंटरप्रिटेशन सेल के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सत्यमन्यु यादव जी की अध्यक्षता में कराया गया। महाविद्यालय प्रांगण में स्थित बहुउद्देशीय सभागार के निकट, एनएसएस उद्यान और क्रीडा उद्यान के समीप चले इस कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों और  प्राध्यापकों ने नीम, पीपल, बरगद, पिलखन, जामुन, आंवला, अमरूद आदि के पौधों को लगाकर सहभागिता की।

9 अगस्त 2021 को महाविद्यालय की एनएसएस,यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टारएक्स यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. अशोक दिवाकर जी रहे। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुंडू, डॉ. सतीश यादव,डॉ. सुरेंद्र कुमार के साथ ही 50 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भी रक्तदान दिया।

5 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय के प्रांगण में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

14 सितम्बर 2021 को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता की गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

15 सितम्बर 2021 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा 'Opportunities in IT sector' विषय पर ऑनलाइन सैमीनार का आयोजन किया गया जिसमें बीसीए अंतिम वर्ष के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ और एनएसएस इकाई द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सौजन्य से सितंबर महीने को पोषण माह के रूप में मनाया गया। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय में 24 सितम्बर 2021 को महिला स्वास्थ्य के लिए पोषण का महत्व का कार्यक्रम और आधुनिक जीवनशैली और खानपान विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया।

24 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन कर एनएसएस दिवस मनाया। ज्ञात हो कि एनएसएस की स्थापना महात्मा गांधी जी के 100वें जयंती वर्ष 1969 को 24 सितम्बर के दिन युवाओं में सेवा भाव जागृत करने के उद्देश्य से की गई थी। जूम क्लाउड मीटिंग एप्प पर 'ऑनलाइन एजुकेशन – मेंटल हेल्थ' विषय पर आयोजित इस वेबिनार में प्रख्यात मनोचिकित्सक तथा पलवल जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ब्रह्मदीप सिंधु बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे।

18 अक्तूबर 2021 को राजकीय महाविद्याल की एनएसएस इकाइयों और संजीवनी– लाइफ बियॉन्ड कैंसर के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर जागरूकता हेतु वेबिनार का आयोजन किया गया। जूम क्लाउड मीटिंग एप्प पर स्तन कैंसर विषय पर आयोजित इस वेबिनार में वेबिनार में महाविद्यालय के 60 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

26 अक्तूबर 2021 को महाविद्यालय में रैड रिबन क्लब के तत्वावधान से नि–क्षय दिवस पर टी बी के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुग्राम के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केशव शर्मा ने टी बी के लक्षण, बचाव तथा इलाज पर प्रकाश डाला।

26 अक्तूबर 2021 को महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ द्वारा चार दिवसीय योग एवं मेडिटेशन कार्यशाला का आरम्भ किया गया। कार्यशाला में पर हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी डॉ. भूदेव ने रिसोर्स पर्सन के तौर पर शिरकत की। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने योग के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा निरंतर योग करने का संकल्प लिया।

22 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें तीन टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिया चयनित किया गया।

30 नवम्बर 2021 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीसीए के 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

8–10 दिसम्बर 2021 को आयोजित द्वितीय गुरुग्राम विश्वविद्यालय युवा उत्सव में महाविद्यालय के कलाकार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के विद्यार्थी कलाकारों ने हिन्दी नाटक में प्रथम, मूक–अभिनय में प्रथम, समूह गीत (जनरल) में प्रथम तथा डिबेट (अगेंस्ट द मोशन) में प्रथम पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय को गौरवांवित किया है। छात्र–छात्राओं ने संस्कृत नाटक में द्वितीय, हरियाणवी स्किट में द्वितीय, समूह नृत्य (जनरल) में द्वितीय, समूह गीत (वैस्टरन) में द्वितीय, सैनानियों के लिए गीत में द्वितीय, संस्कृत डैक्लामेशन में द्वितीय, उर्दू, हरियाणवी, पंजाबी कविता में द्वितीय, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। इसके अतिरिक्त हरियाणवी एकल गीत,

हरियाणवी समूह गीत, कॉलाज, पोस्टर तथा पेंटिंग में तृतीय पुरस्कार जीता है। महाविद्यालय के छात्र सत्यम ने शानदार अभिनय से संस्कृत नाटक 'अश्वत्थामा हतो हतः' में सर्वश्रेष्ठ पुरूष अभिनेता का खिताब जीता है।

11 दिसम्बर 2021 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा एमसीए विद्यार्थियों की इंटरपर्सनल स्किल विकसित करने हेतु काउंसलिंग का आयोजन किया गया।

18 दिसम्बर 2021 को सेक्टर नौ स्थित राजकीय महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से ऑनलाइन लेक्चर का आयोजन कराया गया। गूगल मीट अनुप्रयोग पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। उक्त लेक्चर में हरियाणा ऐड्स कंट्रोल सोसायटी के सहायक निदेशक डॉ उजिता बालियान, श्रीमती राखी शर्मा एवं डॉ सुरेश कुमार बतौर मुख्य वक्ता सीधे पंचकूला स्थित मुख्यालय से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

21 दिसम्बर 2022 को सेक्टर 9 महाविद्यालय में छात्राओं के लिए आईसीसी कमेटी ने विशेष व्याख्यान का आयोजन करवाया। ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे लॉ प्रोफेशनल मिस अस्मिता ने 'आपके अधिकार और कर्तव्य' विषय पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में 100 छात्रों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं मैडम सिंह के साथ सांझा की। उन्होंने महिला अधिकारों के प्रति जो कानून बने हैं, उनके बारे में विस्तार से बताया।

22 दिसम्बर 2021 को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'गणित के क्षेत्र में भारत का योगदान' विषय पर जूम क्लाउड मीटिंग एप्प पर गणितोत्सव कार्यक्रम का आयोजन गया। इस व्याख्यान कनाडा रिसर्च चेयर प्रोफेसर सुजाता रामदोराई ने मुख्य वक्ता के तौर पर महान गणितज्ञ रामानुजन के योगदान का जिक्र करते हुए गणित के महत्व पर प्रकाश डाला।

23–24 दिसम्बर 2021 को महाविद्यालय में दो दिवसीय 17वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता बड़े धूमधाम से आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजकीय महाविद्यालय सिद्धरावली की प्राचार्या डॉ महाश्वेता के करकमलों से हुआ। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन डॉ. अशोक सिंघल वेद विज्ञान विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक दिवाकर ने मुख्यातिथि के तौर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। महाविद्यालय के खिलाड़ी तरूण ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बैस्ट एथलिट का खिताब जीता। छात्रा सुनीता ने सभी छात्राओं को पछाड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

8 अप्रैल 2022 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

13 अप्रैल 2022 को कम्प्यूटर विभाग द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

23 अप्रैल 2022 को महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा फोटग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में उत्कर्ष ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय तथा करण और वरूण ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

23 अप्रैल 2022 को महाविद्यालय की प्लेसमेंट सैल द्वारा जॉब फेयर का आयोजन किया गया जिसमें बी कॉम पास, बी ए पास, ऑनर्स, बी सी ए, एम सी ए तथा बी टी टी एम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस ड्राइव में भाग लेने वाली प्रतिष्ठित कम्पनियों ने महाविद्यालय के 34 विद्यार्थियों का चयन किया।

6 मई 2022 को महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग, प्लेसमेंट तथा एंटरप्रिन्यूरशिप क्लब के संयुक्त तत्वावधान से 'स्टार्ट अप इंडिया' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान द्रोणाचार्य महाविद्यालय, गुरुग्राम स्थित इंकम्ब्यूशन सैंटर के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इंकम्ब्यूशन सैंटर की निदेशक श्रीमती स्मृति ने 'स्टार्ट अप इंडिया' पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता विकास का आधार है।

7 मई 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा कहानी लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वरूण ने प्रथम, सूरज ने द्वितीय तथा अवंतिका ने तृतीय पुरस्कार जीता।

12 मई 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 में कैरियर काउंसलिंग, प्लेसमेंट तथा एंटरप्रिन्यूरशिप क्लब के संयुक्त तत्वावधान से इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट सैल के अध्यक्ष संदीप यादव ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा एवं ए पी पी वर्क की सांझेदारी में ई– कर्मा योजना आरम्भ की गई है जिसके पांच उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की गई है जो फ्रीलांसिग, उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देंगी।

14 मई 2022 को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों में योग जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राईटिंग, निबंध लेखन, जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने विभिन्न गली–मौहल्लों एवं पार्कों में आम जन के साथ योगाभ्यास कर उन्हें योग के लिए प्रेरित किया है।

7 अप्रैल 2022 से 21 जून 2022 तक चलाए जा रहे योग जागरूकता अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अधिकारियों ने 26 मई 2022 को महाविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल एवं पार्क में योगाभ्यास कर अन्य छात्र–छात्राओं को योग करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव बसई स्थित मंदिरों, पार्कों और घरों में स्वयंसेवकों द्वारा योग की जानकारी दी जा रही है तथा बसई गांव निवासियों को योग सिखाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एनएसएस स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम में जाकर वहां रहने वाले बुजुर्गों का हाल जाना और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करने के लिए प्रेरित किया।

4 जून 2022 को महाविद्यालय की एनएसएस, एनसीसी और रैड क्रोस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रांगण में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यमन्यु यादव ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

18 जून 2022 को महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के सौजन्य से कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा 'रिचड द अनरिचड, थ्रो आई सी टी' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया

जिसमें गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के कुलपति प्रो दिनेश कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो रामपाल सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

21 जून 2022 को राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 में एनएसएस, एनसीसी इकाईयों द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, प्राध्यापिकाओं तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने योग किया। महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योग महोत्सव में भी बढ़–चढ़कर भाग लिया।

25 जून 2022 को महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के द्वारा जागरूकता रैली, निबंध लेखन प्रतियोगिता और जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर सैक्टर 9 की हुडा मार्किट और निकटस्थ रिहायशी क्षेत्रों में रैली निकाली तथा समूचे क्षेत्र में नशा निषेध के नारे लगाए।

## आभार ज्ञापन :

मैं माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, माननीय शिक्षा मंत्री श्री मूल चंद शर्मा, मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा, श्री विजेंद्र कुमार (आई ए एस), महानिदेशक उच्चतर शिक्षा निदेशालय श्री राजीव रत्न (आई ए एस) का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने लगातार हमें सहयोग एवं मार्गनिर्देशन दिया है। मैं माननीय प्रो. दिनेश कुमार कुलपति गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम का इस महाविद्यालय के स्नेह के लिए आभारी हूं। मैं उपस्थित सभी मेहमानों का हार्दिक धन्यवाद प्रकट करता हूं जिन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर एवं यहां पधार कर हमें कृतार्थ किया है।

धन्यवाद!

डॉ. रणधीर सिंह

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय

सैक्टर–9 गुरुग्राम।